**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–20 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित महोत्सव में लिया हिस्सा। स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल पर दिया जोर।
- मुख्यमंत्री ने **विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश** के लिये आमंत्रित किये सुझाव। कहा– उपयोगी सुझाव देने वाले किये जायेंगे सम्मानित।
- पचीस से उन्तीस सितम्बर तक होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा पहुंच कर ली जानकारी। कहा– इस ट्रेड शो में पांच लाख से ज्यादा देशी–विदेशी खरीदार होंगे शामिल।
- सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेशभर में हो रहे विविध कार्यक्रम। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पीलीभीत और ब्रजेश पाठक ने जौनपुर में आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में अन्त्योदय के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की स्मृति में कल आयोजित महोत्सव को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज एक ज़िला एक उत्पाद योजना और वोकल फॉर लोकल अभियान से लाखों कारीगरों और शिल्पकारों को रोज़गार मिला है।

***हमारा हस्तशिल्पी हमारा कारीगर जो भी उत्पाद बनाता है, अगर हम उसको खरीदते हैं, उसके लिए बाजार उपलब्ध करवाते हैं तो हमारा पैसा हमारे हस्तशिल्पी और कारीगरों के जेब में जाएगा। वह देश के विकास में लगेगा। अगर हम विदेश वस्तु खरीदते हैं उसका मुनाफा विदेशों में जाएगा। इसीलिए कहा जा रहा है कि स्वदेशी वस्तुओं को हमें खरीदना चाहिए।***

इसी क्रम में मुख्यमंत्री कल गाज़ियाबाद में विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश के लिए सुझाव आमंत्रण और जन–जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कार्यों पर आधारित भारत वर्ष की स्वर्णाभा नरेन्द्र मोदी पुस्तक का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी से आह्वान किया कि वे अपने सुझाव सरकार के साथ साझा करें।

***समर्थ यूपी पोर्टल पर आपको क्यूआर कोड को डाउनलोड करके उसमें अपने सुझाव को अपलोड करना है कि इस फील्ड में हमारा ये सुझाव है। और मैं आप सब से इस बारे में कहूँगा कि जो बारह सेक्टर हमने चयन किए है इसके लिए इसमें हर जनपद के तीन सुझाव जो विकसित उत्तर प्रदेश के लिए उनको हम इसी प्रकार के एक बड़े कार्यक्रम में जनपद के अंदर ही सम्मानित करने का काम करेंगे और प्रदेश के अंदर ऐसे पाँच सुझाव हम लखनऊ में एक बड़े समारोह में उनको सम्मानित करने का काम करेंगे।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल ही ग्रेटर नोएडा पहुंचकर 25 से 29 सितंबर तक चलने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की तैयारियों की जानकारी ली।

उनके साथ कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नन्दी और राकेश सचान भी मौजूद रहे। इंडिया एक्सपो मार्ट में होने वाले इस आयोजन स्थल का भ्रमण कर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट.....

***यूपी इंटरनेशन ट्रेड शो में बतौर मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होना प्रस्तावित है। ट्रेड शो के उद्घाटन में कई देशों के राजनयिक भी शामिल भी होंगे। आयोजन में रूस कंट्री पार्टनर के रूप में हिस्सा ले रहा है। 29 सितंबर तक चलने वाले इस ट्रेड शो में प्रदेश के जीआई उत्पाद विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। इस आयोजन में इस बार 5 लाख से अधिक विज़िटर्स आने की उम्मीद है। इनमें 2.5 लाख बी2बी विज़िटर्स और 3 लाख बी2सी विज़िटर्स शामिल होंगे। प्रदर्शकों की संख्या बढ़कर 2500 से अधिक हो जाएगी। 500 से अधिक विदेशी खरीदार आने की संभावना है। इस ट्रेड शो को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कल हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर का सातवां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने कुल 1015 उपाधियाँ वितरित कीं, जिनमें 78 प्रतिशत छात्राएँ तथा 22 प्रतिशत छात्र सम्मिलित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी केवल एक आँकड़ा नहीं बल्कि बदलते समाज की नई सोच और ऊर्जा का प्रतीक है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचहत्तरवें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता लघु फिल्म **'चलो जीते हैं'** देशभर में दिखाई जा रही है। इस फिल्म का प्रदर्शन कल गोरखपुर और वाराणसी सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी किया गया।

**********

सेवा और सुशासन अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हमारी विशेष श्रृंखला– सेवा पर्व में आज हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाया है और उनके जीवन स्तर में सुधार किया है।

***भारत में विविध जनजातियां रहती हैं। इनकी संख्या 10 करोड़ 45 लाखसे ज़्यादा है। सरकार द्वारा शुरू की कई प्रमुख योजनाओं में अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्यों का बजट 2013–14 से अब पाँच गुना तक बढ़ गया है। प्रधानमंत्री जन जाति आदिवासी न्याय अभियान विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों के लिए न्याय, सम्मान और उत्थान का एक शक्तिशाली मिशन बन गया है।***

***साथियों आदिवासी कल्याण हमेशा से एनडीए सरकार की प्राथमिकता रहा है। जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई इस पर हमारी सरकार का बहुत जोर है।***

***यह पहल 11 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 75 समुदायों के जीवन में बदलाव ला रही है। धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 17 विभिन्न मंत्रालयों द्वारा लागू किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य तथा शिक्षा सुविधाओं तक पहुंच में सुधार करना और आजीविका के अवसर प्रदान करके 63 हजार से अधिक गांवों में आधारभूत सुविधाओं की कमी को पूरा करना है। समाचार कक्ष से कनकलता।***

सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पीलीभीत में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जौनपुर में मलिन बस्ती के लोगो से मुलाकात कर स्वच्छता ही सेवा के बारे में लोगों को जागरुक किया।

**********

निर्वाचन आयोग ने मानदंडों का उल्लंघन करने के आरोप में चार सौ चौहत्तर पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है। इन पार्टियों ने 2019 से एक भी चुनाव नहीं लड़ा है। इस प्रक्रिया के पहले चरण में आयोग ने पिछले महीने तीन सौ 34 पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया था। आयोग ने पिछले दो महीनों में आठ सौ आठ पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से वस्तु और सेवा कर– जीएसटी में सुधारों की घोषणा की थी। नई जीएसटी दरें सोमवार से लागू होंगी। इससे लोगों को बड़ा फायदा मिलेगा। ऑटोमोबाइल उद्योग को मिलने वाले लाभों पर एक रिपोर्ट–

***सरकार ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भी बड़ी टैक्स कटौती की है। ज्यादातर मोटर कारो और मोटर बाइकों के निर्माण में उपयोग होने वाले ऑटो कॉम्पोनेंट्स पर कर को 28ः से घटाकर 18ः कर दिया है। नए कर ढ़ाचे के तहत 10 व्यक्तियों तक की बैठने की क्षमता वाली बसों पर जीएसटी की दरें जो पहले 28ः हुआ करती थी उसे घटाकर 18ः कर दिया गया है। इस कदम से बस यात्रा में टिकट की कीमतें सस्ती होगीं और लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इसी प्रकार 1800 सीसी तक के ट्रैक्टरों पर भी जीएसटी घटाकर 5ः कर दिया गया है, जिससे घरेलू और निर्यात दोनों क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कर कटौती से मांग में वृद्धि और वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी। जीएसटी की नई दरें इस सोमवार से लागू होंगी। रोहन के साथ सौम्या शरण आकाशवाणी, समाचार दिल्ली।***

**********

भारत और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में कल खेला गया चार दिवसीय मैच ड्रॉ हो गया। ऑस्ट्रेलिया के 532 रन बनाकर पारी घोषित करने के जवाब में भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 531 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 56 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाज़ देवदत्त पड़िक्कल को उनकी शानदार बल्लेबाज़ी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**********

प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में आसमान में बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। वर्षा के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां बनी हुयी हैं, इसके चलते अगले तीन–चार दिन तक रूक–रूक कर बारिश होती रहेगी।

**********